पंजाब केसरी 03/02/2026

# एम.बी.ए. के छात्र अमन का कैम्पस प्लेसमैंट दौरान हुआ चयन

अम्बाला, 2 फरवरी (बलराम): गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज के एम.बी.ए. छात्र अमन के प्रतिष्ठित कम्पनी इंडियामार्ट में 4.67 लाख प्रति वर्ष के आकर्षक पैकेज पर चयनित होने पर महाविद्यालय परिवार में हर्ष और गर्व का वातावरण है। यह उपलब्धि एम.बी.ए. प्लेसमैंट सत्र की सफल शुरुआत का प्रतीक है और संस्थान की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं-प्रशिक्षण को दर्शाती है।

इस अवसर पर महाविद्यालय प्रबंधन ने अमन को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, अनुशासन और संस्थान द्वारा प्रदान किए जा रहे शैक्षणिक व व्यावसायिक मार्गदर्शन का परिणाम है। प्रबंधन ने अमन के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डा. रोहित दत्त ने अमन को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह चयन कॉलेज के लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि अमन-अपने कार्यक्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संस्थान का नाम रोशन करेगा। प्रशिक्षण एवं प्लेसमैंट अधिकारी कमलप्रीत कौर ने कहा कि यह सफलता छात्र की निरंतर मेहनत, प्रशिक्षण सत्रों और उद्योग-उन्मुख तैयारी का परिणाम है। वहीं, प्रबंधन विभाग की विभागाध्यक्ष डा. भारती सुजान ने अमन को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह उपलब्धि एम.बी.ए. विभाग के छात्रों के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने छात्र की लगनए सीखने की जिज्ञासा और समर्पण की सराहना की।